मेरी बाला सुंदरी माँ

मेरी बाला सुंदरी माँ, तेरे दर पे आउंगी,
मेरी बाला सुंदरी माँ मैं तेरे दर पे आउंगी,
तेरी लेहंगा चुनरी और नारियल भी चढ़ाउंगी.....

मैंने बहुत सुने चर्चे तेरे मंदिर के मईया,
तू अपने भक्तो पर करे रेहमत की छैया,
मेरे मन की पूरी कर तेरा जगराता कराउंगी,
तेरी लेहंगा चुनरी और नारियल भी चढ़ाउंगी.....

वर्षो से सुनी है ये गोद मेरी दाती,
क्यों इस अभागन पर तुझे दया नहीं आती,
मेरी सुनी गोद सजा, मैं तेरा शुक्र मनाऊंगी,
तेरी लेहंगा चुनरी और नारियल भी चढ़ाउंगी.....

मेरे चारो तरफ दाती दुखो का अँधेरा है,
मेरा हाथ पकड़ लो माँ मुझे आसरा तेरा है,
संग गोल्डी मुजफ्त भी, तेरा कीर्तन गाउंगी,
तेरी लेहंगा चुनरी और नारियल भी चढ़ाउंगी.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/29761/title/meri-bala-sundari-maa

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |